CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUSTRIES

# COBI

नई कोशिश नई आशाएं



## Newsletter July/August-22

# Confederation of Bahadurgarh Industries

## District Jhajjar

## एम.आई.ई. के पार्ट- ए और बी की हालत काफी बदहाल

एम.आई.ई. बहादुरगढ़ के पार्ट ए  व बी एरिया में हजारों की संख्या में छोटी से लेकर बड़ी फैक्टरी तक चल रही है। लेकिन यहां उद्योग लगाने वाले उद्यमियों व उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों को किस तरह की जनसुविधाएं मिल पा रही है इसको लेकर कोई खास ध्यान तक नहीं दिया जा रहा। बारिश के मौसम में तो यहां की स्थिति काफी बदहाल है। लगभग हर मुख्य सड़क से लेकर अप्रोच सड़कों की हालत बहुत ही खराब है और गंदा पानी सड़कों के बीचोंबीच भरा हुआ है।

कीचड़ फैला होने के कारण राहगीरों के गिरकर चोटिल होने का अंदेशा भी बना रहता है। कई मुख्य सड़कें तो बनी हुई है लेकिन यहां पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर व उसके किनारे ही भरा रहता है।



# औद्योगिक क्षेत्र एमआइई की सड़कें खस्ताहाल

बहादुरगढ़, (विज्ञप्ति): शहर के आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र (एमआइई) के पार्ट ए व बी के काफी हिस्से में गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था फेल हो रही है। खस्ताहाल सड़कों व सीवरेज लाइन बदहाल होने के कारण बारिश व फैक्ट्रियों से निकलने वाला गंदा पानी ओवरफ्लो होकर आसपास भर रहा है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं जो कि बारिश के दौरान किसी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। अब तो यहां हालत यह हैं कि क्षेत्र के दोनों हिस्सों में कई सड़क बदहाल हैं। इस कारण यहां काम करने वालों से लेकर व्यवसाय करने वाले उद्यमियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गंदे पानी के बीच से होकर उन्हें आना-जाना पड़ता है। काफी सड़कों की हालत बद से बदतर होने के कारण वाहन तक आए दिन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उधर कानफेडरेशन आफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज से जुड़े कई उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों की अनदेखी को लेकर रोष भी जताया और साथ में यहां अधिक से अधिक जनसुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की मांग भी शासन-प्रशासन से की है।


बहादुरगढ़ के एमआइई में एक सड़क पर भरा दूषित पानी व फैला कीचड़। ● विज्ञप्ति

एमआइई के पार्ट वन व टू एरिया में हजारों की संख्या में छोटी से लेकर बड़ी फैक्ट्री तक चल रही हैं, लेकिन यहां उद्योग लगाने वाले उद्यमियों व उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों को किस तरह की जनसुविधाएं मिल पा रही हैं, इसको लेकर कोई खास ध्यान तक प्रशासन की ओर से नहीं दिया जा रहा। बारिश के मौसम में तो यहां की स्थिति काफी बदहाल है। लगभग हर मुख्य सड़क से लेकर अप्रोच सड़कों की हालत खराब है और गंदा पानी सड़कों के बीचोंबीच भरा हुआ है। कीचड़ फैला होने के कारण राहगीरों के गिरकर चोटिल होने का अंदेशा भी बना रहता है। कई मुख्य सड़क तो बनी हुई हैं लेकिन यहां पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर व उसके किनारे ही भरा रहता है।

# आधुनिक ओद्यौगिक क्षेत्र की सड़कें खस्ताहाल, उद्यमी व श्रमिक परेशान

पल पल न्यूज: बहादुरगढ़, 6 जुलाई (प्रमोद शर्मा)। आधुनिक ओद्यौगिक क्षेत्र (एम.आई.ई.) के पार्ट ए व बी के काफी हिस्से में गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था फेल हो रही है। खस्ताहाल सड़कों व सीवरेज लाइन बदहाल होने के कारण बारिश व फैक्ट्रियों से निकलने वाला गंदा पानी ओवर फ्लो होकर आसपास भर रहा है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं जो कि बारिश के दौरान किसी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। अब तो यहां हालत यह है कि उक्त क्षेत्रों के दोनों हिस्सों में अनेक सड़कें बदहाल हैं। जिसके कारण यहां काम करने वालों से लेकर व्यवसाय करने वाले उद्यमियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गंदे पानी के बीच से होकर उन्हें आना-जाना पड़ता है। काफी सड़कों की हालत बद से बदत्तर होने के कारण वाहन तक आए दिन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उधर कोबी से जुड़े कई उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों की अनदेखी को लेकर रोष भी जताया और साथ में यहां अधिक से अधिक जनसुविधाएं उपलब्ध करवाये जाने की मांग भी शासन-प्रशासन से की है। कोबी के



प्रधान प्रवीन गर्ग ने कहा कि एम.आई.ई. के पार्ट-ए और बी की हालत काफी बदहाल है। पिछले कई माह से यहां की समस्याओं के निदान को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों के समक्ष आवाज उठा चुके हैं मगर उसके बाद भी कोई ध्यान तक नहीं दिया गया। सरकारी विभागों को कई बार पत्र लिखकर समस्या हल की आवाज उठा चुके हैं। बारिश के सीजन में तो यहां से निकलना किसी हादसे से खाली नहीं होता। यहां के उद्योगों व संचालकों व श्रमिकों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बता दें कि एम.आई.ई. के पार्ट वन व टू एरिया में हजारों की संख्या में छोटी से लेकर बड़ी फैक्टरी तक चल रही है। लेकिन यहां उद्योग लगाने वाले उद्यमियों व उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों को किस तरह की जनसुविधाएं मिल पा रही है इसको लेकर कोई खास ध्यान तक नहीं दिया जा रहा। बारिश के मौसम में तो यहां की स्थिति काफी बदहाल है। लगभग हर मुख्य सड़क से लेकर अप्रोच सड़कों की हालत खराब है और गंदा पानी सड़कों के बीचोंबीच भरा हुआ है। कीचड़ फैला होने के कारण राहगीरों के गिरकर चोटिल होने का अंदेशा भी बना रहता है। कई मुख्य सड़कें तो बनी हुई है लेकिन यहां पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर व उसके किनारे ही भरा रहता है। जिससे आना-जाना तक मुश्किल हो रहा है। मक्खी-मच्छर तक गंदे पानी में पनप रहे हैं। एम.आई.ई. के पार्ट वन के साथ से गुजर रही मुंगेशपुर ड्रेन भी ओवरफ्लो होकर चल रही है। ऐसे में नाले भी बैक मार रहे हैं। आसपास के रिहायशी क्षेत्र में भी गंदा पानी भरा हुआ है। जिससे यहां बीमारियां पनपने का डर लोगों को सताता रहता है।

## जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 8 को

पल पल न्यूज: रोहतक, 6 जुलाई। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि 8 जुलाई को प्रदेश के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक का आयोजन 8 जुलाई को दोपहर 12 बजे स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए कांफ्रेंस हॉल में किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करें। गृह मंत्री अनिल विज बैठक के एजेंडे में शामिल सभी 22 शिकायतों की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

# बिजली मंत्री हरियाणा सरकार से मुलाकात की व उन्हें उद्योगों समस्याओं से अवगत करवाया

कोबी प्रतिनिधि मंडल आदरणीय श्रीमान रंजीत चौटाला जी बिजली मंत्री हरियाणा सरकार से चंडीगढ़ विधान सभा में मुलाकात की।

इस मीटिंग के माध्यम से जिले के उद्योगों से सम्बंधित समस्याओं से अवगत करवाया। मंत्री जी ने उद्योगों के बारे में सुना एवम मौके पर ही विभाग के अधिकारियो को निर्देश भी दिए की बिजली की सप्लाई में सुधार हो जिससे उद्योगों को कोई नुकसान न हो। मंत्री जी ने जिले में आने का आश्वाशन भी दिया|

मंत्री जी से मिलने के लिए सुशील पारीक जी, अशोक मित्तल जी एवम प्रवीण गर्ग जी उपस्थित रहे।

कोबी अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रही है कि उद्योगों की समस्याओं का समाधान कैसे मिले, परिणाम कब और कैसे आयेंगे वो तो वक्त ही बताएगा। कोशिश पूरी तरीके से व बिना स्वार्थ के होती रहेगी।



# विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने उद्धमियों की समस्याओं का संज्ञान लिया |

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने गणपति धाम औधोगिक क्षेत्र के में कंफेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) द्वारा आजोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि उद्धमियों को योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकता है। औधोगिक क्षेत्रों में सरकार मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, सड़क मार्ग, सीवरेज,सुरक्षा आदि मुहैया करवाने को तत्पर रही है।

कोबी पदाधिकारियों ने बैठक में कैविनेट मंत्री को बताया कि झज्जर जिला में 22 औद्योगिक क्षेत्र हैं और लगभग पांच हजार औद्योगिक इकाइयों में पांच लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम के बाद झज्जर जिला सवसे तेजी उभरता हुआ औद्योगिक जिला है। सरकार जिला झज्जर में औद्योगिक विकास को लेकर पूरी तरह से संजीदा है।

## एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित

विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने उद्धमियों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए कहा कि सरकार आपकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मौके पर ही एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में अधिकारियों और उद्धमियों की सयुंक्त कमेटी गठित करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार इज ऑफ डूइंग बिज़नेस की नीति के तहत प्रदेश में उद्धम फ्रेंडली माहौल बना रही है।


CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUS








TERACTION
DEVENDER SINGH BABLI JI
Minister (Govt. of Haryana)


INTERACTION























**दैनिक भास्कर** | **बहादुरगढ़ भास्कर 17-07-2022**

दैनिक भास्कर | **बहादुरगढ़**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली बहादुरगढ़ कार्यक्रम में बोले-

# योजनाबद्ध व समयबद्ध तरीके से होगा उद्यमियों की समस्याओं का समाधान

भास्कर न्यूज | बहादुरगढ़

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि उद्यमियों को योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। वे शनिवार को गणपति धाम औद्योगिक क्षेत्र के सभागार में बहादुरगढ़ कंफेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज (कोबी)के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में सरकार मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, सड़क मार्ग, सीवरेज,सुरक्षा व्यवस्था आदि मुहैया करवाने को तत्पर रही है। उद्यमी भी स्वच्छता कार्य, पार्कों को गोद लेकर उनकी सुंदरता बढ़ाने आदि के कार्य में अपनी भागीदारी तय करें। औद्योगिक एरिया में पार्क अच्छे होने से आपके एरिया की सुंदरता बढ़ेगी। श्रमिकों को विश्राम करने का अच्छा स्थान। उन्होंने कहा कि झज्जर जिले में 22 औद्योगिक क्षेत्र हैं। यहां लगभग पांच हजार औद्योगिक इकाइयों में पांच लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गुड़गांव के बाद झज्जर सबसे तेजी उभरता औद्योगिक जिला है। हरियाणा सरकार जिला झज्जर में औद्योगिक विकास को लेकर पूरी तरह से संजीदा है।




बहादुरगढ़ गणपति धाम औधोगिक क्षेत्र के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करते हुए हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

## एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित

विकास एवं पंचायत मंत्री ने उद्यमियों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए कहा कि सरकार आपकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में अधिकारियों और उद्यमियों की सयुंक्त कमेटी गठित करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश दिए। एडीसी ने कहा कि मंगलवार को कमेटी की बैठक की जाएगी। इस मौके पर एडीसी जगनिवास, सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक, एसडीएम भूपेंद्र सिंह, सत्यवान ढांडा, संजय दलाल, नरेश जून, अशोक गुप्ता, प्रवीण गर्ग, कर्मवीर राठी, नरदेव दहिया, दिनेश शेखावत सहित कोबी के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकता - देवेंद्र सिंह

संजीत खन्ना

**बहादुरगढ़,दो टूक न्यूज**
हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने गणपति धाम औधोगिक क्षेत्र के सभागार में बहादुरगढ़ कंफेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज (कोबी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि उद्यमियों को योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। औद्योगिक क्षेत्रों में सरकार मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, सड़क मार्ग, सीवरेज,सुरक्षा व्यवस्था आदि मुहैया करवाने को तत्पर रही है। उद्यमी भी स्वच्छता कार्य , पार्कों को गोद लेकर उनकी सुंदरता बढ़ाने आदि के कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। औद्योगिक एरिया में पार्क अच्छे होने से आपके एरिया की सुंदरता बढ़ेगी और श्रमिकों को विश्राम करने का अच्छा स्थान।

**औद्योगिक विकास में झज्जर अग्रणी-** बैठक में कोबी पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि झज्जर जिला में 22 औद्योगिक क्षेत्र हैं और यहां लगभग पांच हजार औद्योगिक इकाइयों में पांच लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम के बाद झज्जर जिला सबसे तेजी उभरता हुआ औद्योगिक जिला है। हरियाणा सरकार जिला झज्जर में औद्योगिक विकास को लेकर पूरी तरह से संजीदा है।

## समयबद्ध तरीके से होगा उद्यमियों की समस्याओं का समाधान - बोले मंत्री

## एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित

विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने उद्यमियों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए कहा कि सरकार आपकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मौके पर ही एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में अधिकारियों और उद्यमियों की संयुक्त कमेटी गठित करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश दिए।

# उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकता- देवेंद्र सिंह बबली

**समयबद्ध तरीके से होगा बहादुरगढ़ के उद्यमियों की समस्याओं का समाधान- बोले मंत्री**




**प्रदीप वर्मा, बहादुरगढ़/राष्ट्रीय प्रसार ।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने गणपति धाम औधोगिक क्षेत्र के सभागार में बहादुरगढ़ कंफेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज (कोबी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि उद्यमियों को योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। औद्योगिक क्षेत्रों में सरकार मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, सड़क मार्ग, सीवरेज,सुरक्षा व्यवस्था आदि मुहैया करवाने को तत्पर रही है। उद्यमी भी स्वच्छता कार्य , पार्कों को गोद लेकर उनकी सुंदरता बढ़ाने आदि के कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। औद्योगिक एरिया में पार्क अच्छे होने से आपके एरिया की सुंदरता बढ़ेगी और श्रमिकों को विश्राम करने का अच्छा स्थान।

**▸▸ बैठक में कोबी पदाधिकारियों ने कैविनेट मंत्री को बताया कि झज्जर जिला में 22 औद्योगिक क्षेत्र हैं**

**औद्योगिक विकास में झज्जर अग्रणी जिला**

बैठक में कोबी पदाधिकारियों ने कैविनेट मंत्री को बताया कि झज्जर जिला में 22 औद्योगिक क्षेत्र हैं और यहां लगभग पांच हजार औद्योगिक इकाइयों में पांच लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम के बाद झज्जर जिला सबसे तेजी उभरता हुआ औद्योगिक जिला है। हरियाणा सरकार जिला झज्जर में औद्योगिक विकास को लेकर पूरी तरह से संजीदा है।

**एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित**

विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने उद्यमियों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए कहा कि सरकार आपकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मौके पर ही एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में अधिकारियों और उद्यमियों की सयुंक्त कमेटी गठित करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश दिए। एडीसी ने कहा कि मंगलवार को कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी।

**सामाजिक दायित्व निभाएं उद्यमी**

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार इज ऑफ डूइंग बिजनेस की नीति के तहत प्रदेश में उद्यम फ्रैंडली माहौल बनाया है। उद्यमी भी अपना सामाजिक दायित्व निभाएं और सकारात्मक सोच के साथ सामाजिक विकास के कार्यों में अपनी भागीदार निभाएं । सरकार और उद्यमी मिलकर कार्य करेंगे तो परिणाम और बेहतर आएंगे। कार्यक्रम में एडीसी जगनिवास, सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक, एसडीएम भूपेंद्र सिंह, सत्यवान ढांडा, संजय दलाल, नरेश जून, अशोक गुप्ता, प्रवीण गर्ग, कर्मवीर राठी, नरदेव दहिया, दिनेश शेखावत सहित कोबी के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## मंत्री देवेंद्र सिंह बबली बोले

# समयबद्ध तरीके से होगा उद्यमियों की समस्याओं का समाधान

बहादुरगढ़, 16 जुलाई (निस)

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली शनिवार को उद्यमियों से रूबरू हुए। गणपति धाम औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में कान्फेडरेशन आफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) से जुड़े उद्यमियों ने पंचायत मंत्री के सामने उद्योगों से जुड़ी समस्याएं रखी। मंत्री ने उद्यमियों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए कहा कि सरकार आपकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोबी प्रधान प्रवीण गर्ग ने एक-एक कर सभी मसले बताए। अन्य उद्यमियों ने भी सुझाव और समस्याएं रखीं। औद्योगिक क्षेत्र के हालात पर तैयार की गई वीडियो क्लिप भी स्क्रीन पर मंत्री को दिखाई। इस दौरान सीएम फ्लाइंग स्कवाड की छापेमारी और श्रम विभाग की जांच को लेकर भी उद्यमियों ने आपत्ति दर्ज करवाई। देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि गुरुग्राम के बाद झज्जर जिला सबसे तेजी से उभरता हुआ औद्योगिक जिला है। हरियाणा सरकार यहां औद्योगिक विकास को लेकर पूरी तरह से संजीदा है। कार्यक्रम में सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक, सत्यवान ढांडा, संजय दलाल, नरेश जून, अशोक गुप्ता, प्रवीण गर्ग, कर्मवीर राठी, नरदेव दहिया, दिनेश शेखावत मौजूद रहे।

दैनिक ट्रिब्यून Sun, 17 July 2022 https://epaper.dainiktribu

# एडीसी झज्जर एवं सम्बंधित अधिकारियो के साथ उद्योगों की समस्याओं को सभी अधिकारियों के साथ संज्ञान लिया।

कन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ (कोबी) इंडस्ट्रीज जिला झज्जर के सभी उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ एडीसी झज्जर एवं सम्बंधित अधिकारियो के साथ एकेएम टावर कोबी ऑफिस गणपती धाम बहादुरगढ़ में मीटिंग हुई।

16 जुलाई को बहादुरगढ़ में पंचायत विकास मंत्री देवेंद्र बबली द्वारा ली गई मीटिंग के निर्देश द्वारा हुई मीटिंग में सभी एरिया की समस्याओं को सभी अधिकारियों के साथ सांझा किया।

एडीसी जगनिवास ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की शुक्रवार तक सभी औद्योगिक क्षेत्र में दौरा करके अपनी-अपनी रिपोर्ट एसोसिएशन के साथ मिलकर जमा करवाए ताकि होने वाले कार्यों की रूपरेखा बनाई जाए और रिपोर्ट को मंत्री देवेंद्र बबली के साथ साझा की जाए।

उन्होंने कहा कि आने वाले हर महीने के 15 दिनो के अंतराल में फिर से ऐसी ही मीटिंग ली जाएगी ताकि क्या काम हुआ और कौनसा काम कैसे होने वाला है? वह एसोसिएशन की कमेटी द्वारा उद्योगों तक और सरकार तक पहुंचा सके और प्रशासन भी अपनी रिपोर्ट सरकार तक रख सके।


मीटिंग में एडीसी जगनिवास, ज्वाइंट डायरेक्टर श्रीमती संजीत कौर, एचएसआईएडीसी एसडीओ नवीन कुमार, नगर परिषद एमई अमन, बिजली विभाग एसडीओ राहुल, पब्लिक हेल्थ एक्सईएन केके गिल, स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर विनय देशवाल, बीडीओ उमेद, पीडब्ल्यूडी एसडीओ मनदीप आदि सभी कोबी उद्योगपति प्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रधान प्रवीण गर्ग ने कोबी की तरफ से मीटिंग को रखा और और उपस्थित सभी अधिकारियों के साथ उद्योगपतियों की भी हाजिरी रिकॉर्ड की गई।

प्रधान प्रवीण गर्ग ने कहा कि उद्योगपतियों के हितों के लिए कोबी कार्य कर रही है। समय समय पर इंडस्ट्रीज एरिया में सामाजिक कार्य करवाए जाते है और सरकार व अधिकारियों की मदद से औधोगिक क्षेत्र में समस्या का समाधान करवाया जाता है।







# मंत्री बबली के आदेश के बाद अधिकारियों ने बहादुरगढ़ के उद्योगपतियों की सुध ली

## अधिकारियों के साथ बैठक करके शहर की समस्याओं की जानकारी ली

भास्कर न्यूज़ | बहादुरगढ़

पंचायत विकास मंत्री मंत्री के आदेश के बाद अधिकारियों ने बहादुरगढ़ के उद्योगपतियों की सुध ली और गणपति धाम सेंटर में बैठक करके अधिकारियों ने उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कन्फैडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ (कोबी) इंडस्ट्रीज के सभी उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ एडीसी झज्जर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ एकेएम टावर कोबी ऑफिस गणपति धाम बहादुरगढ़ में बैठक हुई।

पंचायत विकास मंत्री देवेंद्र बबली ने ली गई मीटिंग के आदेश पर हुई मीटिंग में सभी एरिया की समस्याओं को सभी अधिकारियों के साथ सांझा किया। इस मौके पर एडीसी जगनिवास ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की शुक्रवार तक सभी औद्योगिक क्षेत्र में दौरा करके अपनी-अपनी रिपोर्ट एसोसिएशन के साथ मिलकर जमा करवाए ताकि होने वाले कार्यों की रूपरेखा बनाई जाए और रिपोर्ट को मंत्री देवेंद्र बबली के साथ साझा की जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले हर महीने के 15 दिनों के अंतराल में फिर से ऐसी ही मीटिंग ली जाएगी ताकि क्या काम हुआ और कौन सा काम कैसे होने वाला है। वह एसोसिएशन की कमेटी द्वारा उद्योगों तक और सरकार तक पहुंचा सके।

**उद्योगपतियों की हाजिरी रिकॉर्ड की :** प्रशासन भी अपनी रिपोर्ट सरकार तक रख सके। मीटिंग में एडीसी जगनिवास, ज्वाइंट डायरेक्टर संजीत कौर, एचएसआईएडीसी एसडीओ नवीन कुमार, नगर परिषद एमई अमन, बिजली निगम एसडीओ राहुल, पब्लिक हेल्थ एक्सईएन केके गिल, स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर विनय देशवाल, बीडीओ उमेद, पीडब्ल्यूडी एसडीओ मनदीप आदि सभी कोबी उद्योगपति प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रधान प्रवीण गर्ग ने कोबी की तरफ से बैठक को रखा और और उपस्थित सभी अधिकारियों के साथ उद्योगपतियों की भी हाजिरी रिकॉर्ड की गई। प्रधान प्रवीण गर्ग ने कहा कि उद्योगपतियों के हितों के लिए कोबी कार्य कर रही है। समय समय पर इंडस्ट्रीज एरिया में सामाजिक कार्य करवाए जाते है और सरकार व अधिकारियों की मदद से औद्योगिक क्षेत्र में समस्या का समाधान करवाया जाता है।

# औद्योगिक क्षेत्रों की समस्या हल को लेकर अधिकारियों ने कोबी पदाधिकारियों के साथ की मीटिंग

**विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली के निर्देशों पर अतिरिक्त उपायुक्त की मौजूदगी में हुई मीटिंग।**

सुशील वत्स, गुड़गांव टुडे



बहादुरगढ़। कॉनफिडेरेशन ऑफ बहादुरगढ़ (कोबी) इंडस्ट्रीज जिला झज्जर के सभी उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ अतिरिक्त जिला उपायुक्त झज्जर एवं सम्बंधित अधिकारियों के साथ एकेएम टॉवर कोबी ऑफिस गणपती धाम बहादुरगढ़ में मीटिंग हुई। 16 जुलाई को बहादुरगढ़ में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली द्वारा ली गई मीटिंग के दौरान दिए गए निर्देशों के बाद ही यह मीटिंग हुई है। इसमें सभी एरिया की समस्याओं को अधिकारियों के साथ सांझा किया। अतिरिक्त उपायुक्त जगनिवास ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की शुक्रवार तक सभी औद्योगिक क्षेत्र में दौरा करके अपनी-अपनी रिपोर्ट एसोसिएशन के साथ मिलकर जमा करवाएं ताकि होने वाले कार्यों की रूपरेखा बनाई जाए और रिपोर्ट को मंत्री देवेंद्र बबली के साथ सांझा की जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले हर महीने के 15 दिनों के अंतराल में फिर से ऐसी ही मीटिंग ली जाएगी ताकि क्या काम हुआ और कौन सा काम कैसे होने वाला है? वह एसोसिएशन की कमेटी द्वारा उद्योगों तक और सरकार तक पहुंचा सके और प्रशासन भी अपनी रिपोर्ट सरकार तक रख सके। मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त जगनिवास, ज्वाइंट डायरेक्टर संजीत कौर, एच.एस.आई.आई.डी.सी. एसडीओ नवीन कुमार, नगर परिषद एमई अमन राठी, बिजली निगम से एस.डी.ई राहुल, जनस्वास्थ्य विभाग से कार्यकारी अभियंता के.के. गिल, स्वास्थ्य विभाग से डा. विनय देशवाल, बीडीओ उमेद, पीडब्ल्यूडी एसडीओ मनदीप के अलावा सभी कोबी उद्योगपति प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रधान प्रवीण गर्ग ने कोबी की तरफ से मीटिंग को रखा और और उपस्थित सभी अधिकारियों के साथ उद्योगपतियों की भी हाजिरी रिकॉर्ड की गई। प्रधान प्रवीण गर्ग ने कहा कि उद्योगपतियों के हितों के लिए कोबी कार्य कर रही है। समय-समय पर इंडस्ट्रीज एरिया में सामाजिक कार्य करवाए जाते है और सरकार व अधिकारियों की मदद से औद्योगिक क्षेत्र में समस्या का समाधान करवाया जाता है।

## गणपति धाम में एडीसी व अधिकारियों ने कन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ (कोबी) इंडस्ट्रीज के साथ की मीटिंग



विकास मंत्री देवेंद्र बबली अधिकारियो के साथ मीटिंग करते।

**सवेरा न्यूज/योगेन्द्र सैनीबहादुरगढ** : कन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ (कोबी) इंडस्ट्रीज जिला झज्जर के सभी उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ एडीसी झज्जर एवं सम्बंधित अधिकारियो के साथ एकेएम टावर कोबी ऑफिस गणपती धाम बहादुरगढ़ में मीटिंग हुई। 16 जुलाई को बहादुरगढ़ में पंचायत विकास मंत्री देवेंद्र बबली द्वारा ली गई मीटिंग के निर्देश द्वारा हुई मीटिंग में सभी एरिया की समस्याओं को सभी अधिकारियों के साथ सांझा किया। एडीसी जगनिवास ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की शुक्रवार तक सभी औद्योगिक क्षेत्र में दौरा करके अपनी-अपनी रिपोर्ट एसोसिएशन के साथ मिलकर जमा करवाए ताकि होने वाले कार्यों की रूपरेखा बनाई जाए और रिपोर्ट को मंत्री देवेंद्र बबली के साथ साझा की जाए। मीटिंग में एडीसी जगनिवास, ज्वाइंट डायरेक्टर श्रीमती संजीत कौर, एचएसआईएडीसी एसडीओ नवीन कुमार, नगर परिषद एमई अमन, बिजली विभाग एसडीओ राहुल, पब्लिक हेल्थ एक्सईएन केके गिल, स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर विनय देशवाल, बीडीओ उमेद, पीडब्ल्यूडी एसडीओ मनदीप आदि सभी कोबी उद्योगपति प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एडीसी ने ली अफसरों, उद्यमियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। अधिकारियों व उद्यमियों की बैठक लेते एडीसी जगनिवास।

केबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने 16 जुलाई को कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए थे। इसके लिए मंगलवार को झज्जर के सभी औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ एडीसी जगनिवास के नेतृत्व में संबंधित विभागों के अधिकारियों की मीटिंग हुई।

दरअसल, पंचायत विकास मंत्री देवेंद्र बबली ने 3 दिन पहले हुए कार्यक्रम में संयुक्त बैठक कर औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए थे। एडीसी जगनिवास ने मंगलवार को हुई बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शुक्रवार तक सभी औद्योगिक क्षेत्र में दौरा करके अपनी-अपनी रिपोर्ट एसोसिएशन के साथ चर्चा उपरांत जमा करवाएं।

इसके बाद ही भविष्य में औद्योगिक क्षेत्र के विकास की रूपरेखा बनाई जाएगी। सभी अधिकारियों की रिपोर्ट का आंकलन कर ही मंत्री देवेंद्र बबली के साथ सांझा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों के अंतराल में फिर से ऐसी ही मीटिंग ली जाएगी। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति पर विमर्श होगा। मीटिंग में जिला उद्योग केंद्र की सह निदेशक संजीत कौर, एचएसआईआईडीसी के एसडीओ नवीन कुमार, नगर परिषद के एमई अमन राठी, बिजली निगम के एसडीओ राहुल, पब्लिक हेल्थ के एक्सईएन केके गिल, स्वास्थ्य विभाग के डॉ विनय देशवाल, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ मनदीप के अलावा औद्योगिक संगठन कोबी से जुड़े उद्योगपति उपस्थित रहे। प्रधान प्रवीण गर्ग ने कहा कि समय-समय पर औद्योगिक इलाकों में सामाजिक गतिविधियां चलाने के साथ ही कोबी सरकार व अधिकारियों की मदद से औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए संकल्पबद्ध है।

# COBI membership Board Installation

























# COBI membership board installation and membership certificate distribution.



















SR LAMIFAB PVT. LTD.
COBI MEMBER


DELSTAR INCORPORATION
COBI MEMBER


AMTECH ESTERS PVT. LTD.
COBI MEMBER
CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUSTRIES


PRINCE POLYMERS
M0144


AP FOOTWEAR
COBI MEMBER
CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUSTRIES
KSP


M.V. INTERNATIONAL
COBI MEMBER

# हर घर तिरंगा

कन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज जिला झज्जर के सभी उद्योगों के प्रतिनिधियों एवम आदरणीय

उपायुक्त डीसी श्रीमान कैप्टन श्री शक्ति सिंह जी , एसडीएम श्री भूपिंदर सिंह जी व ज्वाइंट डायरेक्टर एमएसएमई श्री संदीप डांगी जी और प्रेस के सभी साथियों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आज कोबी ऑफिस गणपती धाम बहादुरगढ़ में उत्सव मनाया गया।

जिसके माध्यम से सभी उद्योगों द्वारा सुनिश्चित किया गया की हर घर तिरंगा में हम सभी अपने कर्मचारियों के साथ इस राष्ट्रीय अभियान में अपना पूर्ण रूप से योगदान देंगे।













Ministry of Culture
Correct way to fold the National Flag





आज़ादी का अमृत महोत्सव
WELCOME
HONOURABLE DEPUTY COMMISSIONER
And

Ministry of Culture
Correct way to fold the National Flag



Ministry of Culture
Correct way to fold the National Flag





WELCOME
Cheif Guest
CAPT. SH. SHAKTI SINGH IAS
HONOURABLE DEPUTY COMMISSIONER
And
ALL INDUSTRIALISTS, PRESS AND ADMINISTRATIVE OFFICERS
CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUSTRIES


हर घर तिरंगा अभियान
WELCOME
CAPT. SH. SHAKTI SINGH IAS
CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUSTRIES


हर घर तिरंगा अभियान
WELCOME
Cheif Guest
CAPT. SH. SHAKTI SINGH IAS
HONOURABLE DEPUTY COMMISSIONER
CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUSTRIES


आजादी का अमृत महोत्सव
हर घर तिरंगा अभियान


WELCOME YOU ALL


आजादी का अमृत महोत्सव
हर घर तिरंगा अभियान
WELCOME
Cheif Guest
CAPT. SH. SHAKTI SINGH IAS


AKM TOWER


CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUSTRIES
WELCOME YOU ALL




हर घर तिरंगा अभियान
WELCOME
CAPT. SH. SHAKTI SINGH IAS


हर घर तिरंगा अभियान
WELCOME
CAPT. SH. SHAKTI SINGH IAS


हर घर तिरंगा अभियान
WELCOME
CAPT. SH. SHAKTI SINGH IAS

**तिरंगे के सम्मान में कोबी उद्यमियों ने बनाया कलेक्शन सेंटर।**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूरे जिले में लाखों की संख्या में तिरंगे घरों व संस्थानों में फहराए गए।

कानफेडरेशन आफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज **(**कोबी**)** ने तिरंगे के सम्मान में कलेक्शन सेंटर बनाया है।

जो तिरंगे ठीक हैं उन्हें ससम्मान रखा जाएगा और जो क्षतिग्रस्त हो चुके हैं**,** उन्हें संस्थान की ओर से गाइडलाइन के अनुसार ससम्मान डिस्पोज किया जाएगा।



# तिरंगे के सम्मान में उद्यमियों ने बनाया कलेक्शन सेंटर

जागरण संवाददाता, बहादुरगढ़: हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूरे जिले में लाखों की संख्या में तिरंगे घरों व संस्थानों में फहराए गए। अब आमजन के सामने बड़ा सवाल यह है कि अगर कोई तिरंगे को अपने घर या संस्थान से उतारना चाहता हैं या फिर झंडा फट गया है तो उसका क्या करें। इसके लिए उद्यमियों की संस्था कानफेडरेशन आफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज(कोबी) ने तिरंगे के सम्मान में कलेक्शन सेंटर बनाया है। जो तिरंगे ठीक हैं उन्हें ससम्मान रखा जाएगा और जो क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, उन्हें संस्थान की ओर से गाइडलाइन के अनुसार ससम्मान डिस्पोज किया जाएगा। अब तक संस्था के पास 45 तिरंगे जमा हो चुके हैं।

**अगर तिरंगा क्षतिग्रस्त हो गया है तो उसे फेंके नहीं, कोबी के पास जमा करवाएं :** तिरंगे को इस्तेमाल के बाद सड़कों पर कटे-फटे हालात में नहीं फेंकना चाहिए। यह सिर्फ तिरंगे का अपमान ही नहीं बल्कि एक अपराध है। ध्वज को क्षतिग्रस्त या कटी-फटी स्थिति में पाया जाता है तो भारतीय ध्वज संहिता 2002 के मुताबिक उसको दो तरह से डिस्पोज करने के नियम तय हैं। भारतीय ध्वज संहिता 2002 की धारा चार के अंतर्गत तिरंगे को कटी-फटी हालत या क्षतिग्रस्त होने के बाद इसे पूरे सम्मान के साथ एकांत में जलाया जाना चाहिए या फिर राष्ट्रीय ध्वज के गौरव के अनुरूप किसी दूसरे तरीके को अपनाना चाहिए। तिरंगे को जलाने के लिए भी खास नियम हैं। तिरंगा को सही से तह करने के बाद आग पर रख कर जलाया जाता है और पूरी तरह जलाया जाता है। याद रहे कि बगैर मोड़े सीधा जला देना कानूनी अपराध है। इसके अलावा अगर कोई इस नियम को अपनाकर तिरंगे को डिस्पोज नहीं करना चाहता है तो वह कोबी संस्था के पास जमा करवा सकता है।

बहादुरगढ़ में उद्यमियों की संस्था कोबी में तिरंगा जमा करवाता व्यक्ति। • सौजन्य प्रवीण गर्ग

**आप तिरंगे को घर या संस्थान से उतारना चाहते हैं या फिर झंडा फट गया है तो उसे फेंके नहीं, उद्यमियों की संस्था के पास जमा कराएं**

"हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूरे जिले में लाखों राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए थे। लोगों ने अपने घर व संस्थान में इन्हें फहराया गया था। अगर कहीं तिरंगा आंधी में क्षतिग्रस्त हो गया है तो फेंके नहीं। हमने कोबी के कार्यालय में कलेक्शन सेंटर बनाया है। वहां तिरंगे को जमा करवा सकते हैं।

**प्रवीण गर्ग**, प्रधान, कोबी

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के लिए कोबी ने किया विशेष सेमीनार|

बहादुरगढ़ स्थित कोबी कार्यालय, Akm Tower में ईपीएफओ की मीटिंग में आदरणीय मैडम कमिश्नर निधि सिंह जी, कैलाश चंद जी ने जिले से आए हुए उद्योगपतियों एव कोबी के सदस्यो के साथ साथ रोहतक से भी आए हुए उद्योगपतियों के साथ अपने विचार साझा किए। उद्योगों के प्रतिनिधियों की तरफ से भी अपने कर्मचारियों को विभाग से होने वाली समस्या को भी रखा गया।

विभाग द्वारा आश्वाशन दिया गया आने वाले दिनों में और भी ऐसे ही मीटिंग की जाएगी और उद्योगों के माध्यम से कर्मचारियों के हित के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कमिश्नर निधि सिंह जी ने कहा कि कोबी को झज्जर जिले के लिए अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा

ताकि विभाग और एसोसिएशन मिल कर ईपीएफओ से सबंधित कोई भी जानकारी या अन्य कोई समाधान को किया जाए और ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों को ईपीएफ का फायदा मिले। मीटिंग में लगभग 80 के आसपास उद्योगपति शामिल हुए। जिनमे सत्यवीर हुडा, रमेश गुप्ता, सतीश अग्रवाल, दीपक शर्मा, प्रदीप कोल, अशोक मित्तल, पुरषोत्तम गोयल, दीपक सहनी, गणेश गुप्ता, समोना सरीन, विकास गुप्ता, सुरिंदर, राजकुमार गिल, जयदीप,और प्रधान प्रवीण गर्ग आदि मौजूद रहे ।




BAHADURGARH INDUSTRIES
WELCOME YOU ALL






CONFEDERATION OF
BAHADURGARH INDUSTRIES
WELCOME YOU




CONFEDERATION OF
BAHADURGARH INDUSTRIES
Distt. JHAJJAR
WELCOME YOU ALL











CONFEDERATION OF
BAHADURGARH INDUSTRIES
WELCOME YOU ALL


WELCOME







CONFEDERATION OF
BAHADURGARH INDUSTRIES













CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUSTRIES
WELCOME YOU ALL
WELCOME
MS. NIDHI SINGH | SH. K.C. JOSHI
Employee's Provident Fund Organisation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
INTERACTION
CONFEDERATION OF BAHADURGARH INDUSTRIES

WELCOME
INTERACTION

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के लिए कोबी ने किया विशेष सेमीनार



**पल पल न्यूज: बहादुरगढ़, 25 अगस्त (प्रमोद शर्मा)।** कॉफेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के विशेष सेमीनार का आयोजन किया। इसमें क्षेत्रीय पी.एफ. आयुक्त निधि सिंह और के.सी. जोशी ने उद्यमियों की समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण किया। गणपति धाम में गत दिवस हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कोबी के प्रधान प्रवीण गर्ग ने की। पीएफ आयुक्त निधि सिंह व केसी. जोशी ने उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे नियोक्ता जिन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की योजनाओं के तहत अपने कर्मचारियों का पंजीकरण नहीं कराया है, वे अविलंब कर्मचारियों का पंजीकरण करवा लें। बता दें कि बहादुरगढ़ के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में करीब 5 लाख कर्मचारी बताए जाते हैं, जबकि ई.पी.एफ. में केवल 66 हजार कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है। कर्मचारी भविष्य निधि खाता केन्द्र सरकार की ओर से चलाई जाने वाली एक योजना है, जो कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। इस खाते में कर्मचारी की ओर से कुछ पैसा हर महीने अपनी सैलरी से जमा किया जाता है। वहीं कुछ पैसा सरकार की ओर से जमा किया जाता है। इस जमा किए गए पैसे पर सरकार की ओर से 8 फीसद से अधिक ब्याज दिया जाता है। ऐसे में यह एक बेहतर इन्वेस्टमेंट का विकल्प है। इन्वेस्टमेंट के साथ-साथ इस पर कई तरह के लाभ भी दिए जाते हैं। सरकार की ओर से पी.एफ. अकाउंट फोल्डर के परिजनों को आर्थिक सामाजिक सुरक्षा दी जाती है। इस अवसर पर सत्यवीर हुड्डा, रमेश गुप्ता, सतीश अग्रवाल, दीपक शर्मा, प्रदीप कोल, अशोक मित्तल, पुरूषोतम गोयल, दीपक सहनी, गणेश गुप्ता, समोना सरीन, विकास गुप्ता, सुरिंदर, राजकुमार गिल व जयदीप समेत अनेक उद्यमी मौजूद रहे।

# 'कर्मचारियों का ईपीएफ में पंजीकरण करवाएं उद्यमी'

बहादुरगढ़, (विज्ञप्ति): कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से कानफेडरेशन आफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पीएफ आयुक्त निधि सिंह, कैलाशचंद ने जिले से आए हुए उद्योगपति एवं कोबी के सदस्यो के साथ-साथ रोहतक से भी आए हुए उद्योगपतियों के साथ अपने विचार सांझा किए।

पीएफ आयुक्त निधि सिंह ने उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे नियोक्ता जिन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की योजनाओं के तहत अपने कर्मचारियों का पंजीकरण नहीं कराया है, वे अविलंब कर्मचारियों का पंजीकरण करवा लें। दरअसल, बहादुरगढ़ के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में करीब पांच लाख कर्मचारी बताए जाते हैं, जबकि ईपीएफ में केवल 66 हजार कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है। कर्मचारी भविष्य निधि खाता केंद्र सरकार की ओर से चलाई जाने वाली योजना है, जो कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। इस खाते में कर्मचारी की ओर से कुछ पैसा हर महीने अपनी सैलरी से जमा किया जाता है।

वहीं कुछ पैसा सरकार की ओर से जमा किया जाता है। इस जमा किए गए पैसे पर सरकार की ओर से आठ फीसद से अधिक ब्याज दिया जाता है। ऐसे में यह एक बेहतर निवेश का विकल्प है। निवेश के साथ-साथ इस पर कई तरह के लाभ भी दिए जाते हैं। सरकार की ओर से पीएफ खाता धारक के स्वजनों को आर्थिक सामाजिक सुरक्षा दी जाती है। उद्योगों के प्रतिनिधियों की तरफ से भी अपने कर्मचारियों को विभाग से होने वाली समस्या को भी रखा गया। विभाग द्वारा आश्वासन दिया गया कि आने वाले दिनों में और भी ऐसे ही बैठक की जाएंगी और उद्योगों के माध्यम से क्रमचारियों के हित के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कोबी को झज्जर जिले के लिए अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा ताकि विभाग और एसोसिएशन मिल कर ईपीएफओ से संबंधित कोई भी जानकारी या अन्य कोई समाधान को किया जाए और ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों को ईपीएफ का फायदा मिले।

बैठक में करीब 80 उद्योगपतियों ने भाग लिया। इस मौके पर सत्यवीर हुडा, रमेश गुप्ता, सतीश अग्रवाल, दीपक शर्मा, प्रदीप कौल, अशोक मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, दीपक सहनी, गणेश गुप्ता, समोना सरीन विकास गुप्ता, सुरिंद्र, राजकुमा गिल, जयदीप और प्रवीण गर्ग आ उपस्थित थे।



बहादुरगढ़ में आयोजित सेमिनार में उद्यमियों को जागरूक करती पीएफ आयुक्त निधि सिंह बीच में। • जा

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के लिए कोबी ने किया विशेष सेमिनार

प्रमोद शर्मा/दिल्ली ग्लो न्यूज

बहादुरगढ़। कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज कोबी द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के विशेष सेमीनार का आयोजन किया। इसमें क्षेत्रीय पी.एफ. आयुक्त निधि सिंह और के.सी. जोशी ने उद्यमियों की समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण किया। गणपति धाम में गत दिवस हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कोबी के प्रवीन गर्ग ने की। पी.एफ. आयुक्त निधि सिंह व के.सी. जोशी ने उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे नियोक्ता जिन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की योजनाओं के तहत अपने कर्मचारियों का पंजीकरण नहीं कराया है, वे अविलंब कर्मचारियों का पंजीकरण करवा लें। बता दें कि बहादुरगढ़ के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में करीब 5 लाख कर्मचारी बताए जाते है, जबकि ई.पी.एफ. में केवल 66 हजार कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है। कर्मचारी भविष्य निधि खाता केंद्र सरकार की ओर से चलाई जाने वाली एक योजना है, जो कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। इस खाते में कर्मचारी की ओर से कुछ पैसा हर महीने सैलरी से जमा किया जाता है। वहीं कुछ पैसा सरकार की ओर से जमा किया जाता है। इस जमा किए गए पैसे पर सरकार की ओर से 8 फीसद से अधिक ब्याज दिया जाता है। ऐसे में यह एक बेहतर इन्वेस्टमेंट के साथ–साथ इस पर कई तरह के लाभ भी दिए जाते है। सरकार की ओर से पी.एफ. अकाउंट होल्डर के परिजनों को आर्थिक सामाजिक सुरक्षा दी जाती है। इस अवसर पर सत्यवीर हुड्डा, रमेश गुप्ता, सतीश अग्रवाल, दीपक शर्मा, प्रदीप सहनी, गणेश गुप्ता, विकास गुप्ता, समोना सरीन, राजकुमार गिल, सुरिंदर, व जयदीप समेत उनके उधमी मौजूद रहे।







# कर्मचारियों का ईपीएफ में पंजीकरण करवाएं उद्यमी : निधि सिंह

शील वत्स, गुड़गांव टुडे

बहादुरगढ़। कर्मचारी भविष्य निधि गठन (ईपीएफओ) की ओर से नफेडरेशन आफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज कोबी) के बैनर तले एक सेमीनार ा। इसमें पीएफ आयुक्त निधि सिंह, लाशचंद ने जिले से आए हुए उद्यमियों कोबी के सदस्यों के साथ-साथ हतक से भी आए हुए उद्यमियों साथ अपने विचार सांझा किए। एफ आयुक्त निधि सिंह ने उद्यमियों अपील करते हुए कहा कि ऐसे योक्ता जिन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि गठन की योजनाओं के तहत अपने कर्मचारियों का पंजीकरण नहीं कराया है, वे अविलंब कर्मचारियों का पंजीकरण करवा लें। दरअसल, बहादुरगढ़ के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में करीब 5 लाख कर्मचारी बताए जाते हैं, जबकि ईपीएफ में केवल 66 हजार कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है। कर्मचारी भविष्य निधि खाता केन्द्र सरकार की ओर से चलाई जाने वाली एक योजना है, जो कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। इस खाते में कर्मचारी की ओर से कुछ पैसा हर महीने अपनी सैलरी से जमा किया जाता है। वहीं कुछ पैसा सरकार की ओर से जमा किया जाता है। इस जमा किए गए पैसे पर सरकार की




ओर से आठ फीसद से अधिक ब्याज दिया जाता है। ऐसे में यह एक बेहतर निवेश का विकल्प है। निवेश के साथ-साथ इस पर कई तरह के लाभ भी दिए जाते हैं। सरकार की ओर से पीएफ खाता धारक के स्वजनों को आर्थिक सामाजिक सुरक्षा दी जाती है। उद्योगों के प्रतिनिधियों की तरफ से भी अपने कर्मचारियों को विभाग से होने वाली समस्या को भी रखा गया। विभाग द्वारा आश्वासन दिया गया कि आने वाले दिनों में और भी ऐसे ही बैठक की जाएंगी और उद्योगों के माध्यम से कर्मचारियों के हित के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कोबी को झज्जर ि के लिए अभियान का हिस्सा बन जाएगा ताकि विभाग और एसोसिए मिल कर ईपीएफओ से संबंधित भी जानकारी या अन्य कोई समा को किया जाए और ज्यादा से ज्य कर्मचारियों को ईपीएफ का फा मिले। बैठक में करीब 80 उद्योगपा ने भाग लिया। इस मौके पर सत्य हुड्डा, रमेश गुप्ता, सतीश अग्रवा दीपक शर्मा, प्रदीप कौल, अश मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, दीपक सह गणेश गुप्ता, समोना सरीन, विकास गु सुरिंद्र, राजकुमार गिल, जयदीप प्रवीण गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# Team COBI meet Sh.Ashwani Vaishnav

Its matter of great pleasure for team COBI that we got Chance to meet Sh.Ashwani Vaishnav (Minister of Railways, Communications and Electronics & Information Technology in Government of India).

The team discuss various issues pertaining to the Jhajjar District Industries and invited the Hon’ble Union Minister to visit Bahadurgarh. The Hon’ble Minister aggressively assured the delegation regarding visit to the Bahadurgarh city at the earliest or shortly as per convenient.

COBI delegation including Praveen Garg, Pardeep Kaul,
R B Yadav and Lalender Lohia had meet the Hon’ble Union Minister













नई कोशिश नई आशाएं

**Contact Details**


Regd. office
AKM Tower, Ground Floor,
Plot No. 18B/2, Ganapati Dham Industrial Area,
Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana - 124507

COBI Helpline - +91: 75001 00080

contact@cobijhajjar.org

www.cobijhajjar.org

follow us on cobijhajjar cobi-jhajjar CobiJhajjar

| Parveen Garg | Vipin Bajaj | Pardeep Koul | Ashok Kr. Mittal |
|---|---|---|---|
| President | Vice President | General Secretary | Treasurer |
| +91 : 9811225655 | +91 : 9811154599 | +91 : 9891880808 | +91 : 9416090924 |